सार-समाचार

शराब के 192 पव्वों सहित गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। नान्ता पुलिस टीम ने गश्त के दौरान मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को अवैध देशी शराब के 192 पव्वों सहित गिरफ्तार किया। नान्ता थाने के उपनिरीक्षक थानाधिकारी नवल किशोर शर्मा ने बताया कि थाने के सहायक उपनिरीक्षक शिवराज सिंह मय जाप्त इलाके में गश्त करते हुए पत्थरमंडी पहुंचे, जहां मुखबीर से सूचना मिली कि पत्थर स्टॉक के पास पत्थरमंडी में कोई व्यक्ति अवैध देशी शराब की ब्रिकी कर रहा है। थानाधिकारी ने बताया कि सूचना पर टीम मौके पर पहुंची और मुखबीर द्वारा बताये गये हुलिये के आधार पर मौके पर खड़े व्यक्ति को डिटेन कर उसके पास मौजूद सफेद रंग के प्लास्टिक के कट्टे की तलाशी ली गई तो कट्टे के अंदर से 192 अवैध देशी शराब के पव्वे बरामद हुए। पुलिस टीम ने मौके पर कार्यवाही करते हुए बरड़ा बस्ती करणी नगर निवासी मनोज यादव (30) को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान किया जा रहा है।

केन्द्रीय कारागृह का औचक निरीक्षण किया

कोटा, (निसं)। जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने शनिवार को केन्द्रीय कारागृह में औचक निरीक्षण किया। शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि शहर अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट कृष्णा शुक्ला एवं शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी के निर्देशन में पुलिस उप अधीक्षक वृत प्रथम योगेश शर्मा, पुलिस उपअधीक्षक वृत द्वितीय गंगा सहाय शर्मा, पुलिस उपअधीक्षक वृत चतुर्थे मनीष शर्मा, साईबर थाने के पुलिस उपअधीक्षक विनोद कुमार एवं शहर के 17 थानों के थानाधिकारी एवं जेल अधीक्षक राजेन्द्र कुमार के नेतृत्व में 200 पुलिसकर्मी व जेलकर्मीयों द्वारा केन्द्रीय कारागृह में बंदियों के सामानों, बैरिक, लंगर, अस्पताल एवं हार्डकोर वार्ड की मेटल डिटेक्टर के माध्यम से गहनता से संयुक्त रूप से तलाशी ली गई। शहर एसपी ने बताया कि केन्द्रीय कारागृह में सघन चैकिंग व तलाशी के दौरान कारागृह व बंदियों के पास से कोई अवैध निषिद्ध सामग्री बरामद नही हुई।

सीएससी ओलंपियाड में कोटा की भारती सुमन ने सेकेंड रैंक हासिल की

कोटा, (निसं)। मिनिस्ट्री ऑफ़ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी द्वारा सीएससी ओलंपियाड 2.0 का परिणाम जारी हुआ जिसमें कोटा की भारती सुमन ने पूरे भारत में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। सीएससी जिला प्रबंधक विकास तुरावा और लोकेश भट्ट ने बताया कि ओलंपियाड तीसरी क्लास से लेकर 12वीं क्लास तक के बच्चों के लिए बहुत ही उपयोगी प्रतियोगिता परीक्षा है। इसमं किसी भी स्कूल का बच्चा भाग ले सकता है उसके लिए अपने नजदीकी सीएससी सेंटर पर जाकर रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। उसे ऑनलाइन पढ़ाई की पूरी सामग्री दी गई है, साथ ही दो मॉक टेस्ट भी तैयारी के लिए दिए गए हैं। भारती सुमन ने 12वीं क्लास में ऑल इंडिया दूसरी रैंक हासिल करने पर डिवीजनमैनेजर अलवर अली द्वारा भारती सुमन का सम्मान किया गया। भारती सुमन को 1 साल तक कस के माध्यम से स्कॉलरशिप दी जाएगी। इस अवसर पर एडवोकेट प्रदीप सैनी, सीएससी संचालक चेतन शर्मा, अमित मालव, अमित सुमन, रोहित राम सिंह उपस्थित रहे।

युवक को स्कूटी से धक्का देकर गिराया

कोटा, (निसं)। महावीर नगर थाना इलाके के केशवपुरा में एक युवक को स्कूटी से धक्का देकर गिराने का मामला सामने आया है। मामले में महिला ने महावीर नगर थाने में इसकी शिकायत दी है। महावीर नगर थाने के एएसआई शंकर लाल ने बताया कि निर्मला मेहरा ने शिकायत दी है जिसमे कहा कि उसके पति स्कूटी से घर की तरफ आ रहे थे रामजानकी मंदिर के पास गली में उसके पति को बड़ी बहन के बेटों ने धक्का देकर गिरा दिया। जिससे उसके पति के हाथ व पैर में चोट आई है। एएसआई ने बताया कि महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर मेडिकल करवाया जा रहा है फिलहाल मामले में किसी के बयान दर्ज नही हुए है।

ट्रेन से गिरकर बुजुर्ग यात्री की मौत

कोटा, (निसं)। कोटा से रामगंजमंडी के बीच अलनिया रेलवे स्टेशन के समीप मेमू ट्रेन से गिरने से एक बुजुर्ग यात्री की मौत हो गई। ममाले में सामने आया कि मेमू ट्रेन में यात्रा के दौरान जब टीटी ने टिकिट मांगा तो उसके पास गलत रूट का टिकिट होने से दोनों के बीच कहासुनी हो गई। मृतक की पहचान विज्ञान नगर निवासी गंगाराम (65) के रूप में हुई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। रानपुर थानाधिकारी रामविलास मीणा ने बताया कि अलनिया के समीप रेलवे ट्रेक पर एक बुजुर्ग का शव मिला जिसकी ट्रेन से गिरने से मौत हो गई। थानाधिकारी ने बताया कि मृतक विज्ञान नगर निवासी गंगाराम है। थानाधिकारी ने बताया कि मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

हिंडौली से मृतक व्यक्ति की आत्मा लेने एमबीएस अस्पताल पहुंचे परिजन

कोटा, (निसं)। एमबीएस अस्पताल परिसर में शनिवार को एक बार फिर अंधविश्वास का मामला देखने को मिला, जिला बूंदी के हिंडौली से कुछ व्यक्ति व महिलाएं तीन साल पहले मृतक व्यक्ति की आत्मा लेने एमबीएस अस्पताल पहुंचे। सूचना पाकर पुलिस व अस्पताल के सिक्यूरटी गार्ड मौके पर पहुंचे और मौके पर परिजनों द्वारा कोई भी पूजा पाठ करने से पहले ही उन्हे रोक दिया गया। मामले में सामने आया कि हिंडौली के रहने वाले एक व्यक्ति सुलतान की एमबीएस अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। जिस पर परिजन व गांव के कुछ लोग मृत व्यक्ति की आत्मा लेने के लिये एमबीएस अस्पताल पहुंचे। वहीं सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों से समझाईश की जिसके बाद सभी मौके से रवाना हो गये।

'कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए संविधान बचाओ रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचें'

कोटा, (निसं)। आगामी 28 अप्रैल 2025 सोमवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा जयपुर में प्रस्तावित संविधान बचाओ रैली की तैयारियों को लेकर शनिवार को शहर जिला कांग्रेस की ओर से गुमानपुरा स्थित कार्यालय में बैठक रखी गयी जिसकी अध्यक्षता शहर कांग्रेस अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी की बैठक में शहर कांग्रेस कमेटी रैली प्रभारी पानाचंद मेघवाल, दक्षिण प्रभारी दिलीप सिंह नाथावत मौजूद रहे।

बैठक में रविन्द्र त्यागी ने सभी कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में होनेवाली संविधान बचाओ जयपुर रैली में शामिल होने के लिए आव्हान किया गया रैली में शामिल होने के लिए कार्यकर्ताओं को त्यागी ने जिम्मेदारियां दी गयी।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने कहा कि सोमवार को प्रात:10 बजे रामलीला मैदान जयपुर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर रैली को सफल बनाना है।

कांग्रेस के संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का समय आ गया है

कोटा में कांग्रेस की बैठक आयोजित हुई है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा जिस तरीके से संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही है मोदी सरकार संवैधानिक संस्थाओं का जिस तरीके से अलोकतांत्रिक तरीके से दुरुपयोग किया जा रहा है वह सबको विदित है त्यागी ने कहा कि संविधान को बचाने के लिए कांग्रेसजन पीछे नही हटेंगे उन्होंने कहा कि इन साम्प्रदायिक शक्तियों के खिलाफ डटकर मुकाबला करने को कांग्रेसजन तैयार रहे और हमारे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के हाथ मजबूत करे तथा जिसको रैली के लिए संसाधन चाहिए वह अपना नाम नोट करा दें और जो अपने संसाधनों द्वारा जाना चाहते हैं वो भी अवगत करा दे उनकी भी व्यवस्था की गयी है।

रविन्द्र त्यागी ने रैली में सभी कांग्रेसजनों को अनिवार्य रूप से पहुँचकर सफल बनाने का आव्हान किया। शहर कांग्रेस कमेटी रैली के प्रभारी पूर्व विधायक पानाचंद मेघवाल ने कहा कि मोदी सरकार कांग्रेस के बड़े-बड़े नेताओं और महापुरुषों का अपमान कर संविधान के साथ छेड़छाड़ कर उसकी धज्जियां उडा रही है।

इसकी रक्षा के लिए संविधान बचाओ रैली का जयपुर में आयोजन किया गया आप सभी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि हमारे राष्ट्रीय नेता सोनिया गांधी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी के हाथ मजबूत करे और संविधान बचाओ रैली को सफल बनाये।

उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव डॉ.विजय सोनी ने बताया कि बैठक को प्रमुख रूप से कोटा दक्षिण प्रभारी दिलीप सिंह नाथावत, पीसीसी महासचिव राखी गौतम, पीसीसी महासचिव अमित धारीवाल, पूर्व पीसीसी सचिव डॉ.जफर मोहम्मद, पूर्व पीसीसी सचिव शिवकांत नंदवाना, पीसीसी सचिव शिवराज गुंजल, पीसीसी सदस्य क्रांति तिवारी, उपाध्यक्ष जगदीश ठाड़ा, विपिन बरथुनिया, महेन्द्र शर्मा, इशरार मोहम्मद, हेमंत चतुर्वेदी, प्रमोद त्रिपाठी, ब्लॉक अध्यक्ष जोंटी विरवाल आदि ने संबोधित किया संचालन महामंत्री राधेश्याम वर्मा ने किया।

सेन जयंती पर शोभायात्रा निकाली

छबड़ा (निसं)। कस्बे में सेन जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें समाज के लोगो ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा का जगह-जगह तोरण द्वार लगाकर पुष्पवर्षा कर स्वागत सम्मान किया गया।

अध्यक्ष रामस्वरूप सेन सेमला ने बताया कि शोभायात्रा गायत्री मंदिर से षुरू हुई, जो धरनावदा चौराहा, आजाद सर्किल, लोठा भैरू मंदिर, अलीगंज बाजार, ब्रह्मपुरी मोहल्ला पहुंची। यहां स्थित मंदिर पर नारायणी माता व श्यामाजी महाराज की विधि-विधानपूर्वक पूजा अर्चना की गई। यहां वक्ताओं ने कहा कि महापुरुष सबके लिए पूजनीय होते हैं। सैन महाराज बचपन से ही भगवान विष्णु के अनन्य भक्त थे और इसी भक्ति में लीन होकर उन्होंने स्वामी रामानंद जी से दीक्षा ली। यहां समाजबंधुओ ने उनके पदचिंहो पर चलने का आव्हान किया। इसके उपरांत शंकरझरी मंदिर पर भोजन प्रसादी का आयोजन था।

नाम परिवर्तन

मेरी पुत्री के नाम एक पॉलिसी नम्बर 186534989 में उसका नाम हृदया शर्मा हो रहा है जबकि उसके आधार में श्री शर्मा है जो कि सही है दोनो नाम मेरी पुत्री के है तथा दोनो नाम एक ही लड़की के है भविष्य में मेरी पुत्री को श्री शर्मा के नाम से जाना जाए पता विकास शर्मा निवासी 1080, झालानियों का रास्ता, किशनपोल बाजार, जयपुर, राज0

पक्षियों के लिए परिंडे बांधे

कोटा, (निसं)। उपाचार्य मुकेश जैन ओर समाजसेवी रोहित प्रजापति ने भीषण गर्मी के मद्देनजर पक्षियों की चिंता करते हुए मोदी कॉलेज परिसर में 25 परिंडे बांधे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वाईस चैयरमेन सुशील मोदी, निदेशक राघव मोदी रहे, कार्यक्रम में उपस्थित उपाचार्य मुकेश जैन ने कहा कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए बेजुबान पक्षियों की सेवा भी जरूरी है यह जो कार्यक्रम किया गया है वह सराहनीय है। इससे बड़ा पुण्य का कार्य और कोई नही हो सकता, वही समाजसेवी रोहित प्रजापति ने बताया कि आने वाले समय में और अधिक गर्मी पड़ने की संभावना है गर्मी में मनुष्य के साथ-साथ सभी प्राणियों को भी पानी की आवश्यकता होती है इस वजह से हम सभी को अपने अपने क्षेत्रों में पशु और पक्षियों के लिए पानी की उचित व्यवस्था करनी चाहिए ताकि पानी की कमी के कारण पशु-पक्षियों को इधर-उधर न भटकना पड़े।

लघु उद्योग भारती ने 32वां स्थापना दिवस मनाया

कोटा, (निसं)। लघु उद्योग भारती, कोटा की समस्त इकाई द्वारा संगठन के 32वें स्थापना दिवस के अवसर पर सादगी से स्नेह मिलन समारोह का आयोजन पुष्पार्थ भवन, गोबरिया बावड़ी सर्किल, कोटा में किया गया। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद देशवासियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई, जिसमें शहीदों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

रानपुर इकाई अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि पहलगाम की दुखद घटना को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम में प्रस्तावित सांस्कृतिक संध्या का आयोजन स्थगित कर दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में भारतमाता के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर कोटा मुख्य इकाई सचिव संदीप जांगिड़ ने वीर रस की कविता का सस्वर पाठ किया, जिसमें उन्होंने भगत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की और पहलगाम आतंकी हमले पर अपनी कविता के माध्यम से रोष व्यक्त किया। कार्यक्रम में यूपीएससी में एआईआर 220 लाने वाली कोटा की बेटी आईएएस अनुश्री सेचान का विशेष सम्मान किया गया। राजस्थान प्रदेश कार्यमंत्री श्वेता जैन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'पंच प्रण' पर प्रेरणादायक संबोधन भी दिया। उन्होंने 'पंच प्रण' विषय पर विस्तार से व्याख्यान देते हुए वसुधैव कुटुम्बकम, सामाजिक समरसता, मातृभाषा और स्वदेशी को अपनाने का आह्वान किया। राष्ट्रीय कर सलाहकार गोविंदराम मित्तल ने दिल्ली में हुए प्रथम अधिवेशन की स्मृतियों को साझा करते हुए लघु उद्योग भारती की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला और 'एमएसएमई नीतिगत सुधार' विषय पर विचार साझा किए। प्रांत अध्यक्ष पवन गोयल ने संगठन विस्तार पर अपने विचार व्यक्त किऐं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ताराचंद गोयल ने संगठन के महत्व और उपयोगिता पर विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि लघु उद्योग भारती 'स्वयं सिद्धा' जैसे विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बना रही है। उन्होंने 'लघु उद्योग भारती की स्थापना' विषय पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संगठन उत्पाद समूह बनाकर सरकार को सुझाव देने का कार्य करती है। वर्तमान में संगठन की 550 जिला इकाईयों के माध्यम से 55 हजार से अधिक सक्रिय सदस्य, जिनमें 5 हजार से अधिक महिलाएं शामिल हैं।

सिंह बेस्ट प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट रहे

छबड़ा (निसं)। तीतरखेड़ी निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता पराक्रम सिंह के पुत्र माधवेंद्र सिंह ने दिल्ली में आयोजित यूनाइटेड फॉर हॉकी प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाते हुए षानदार प्रदर्षन किए जाने पर उन्हे बेस्ट प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट का पुरूस्कार मिला हैं। सिंह द्वारा अपने राज्य, जिले व कस्बे का नाम रोशन करने पर कस्बेवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाईयां दी।

आम सूचना

मेरी मुवक्किल बैंक एक्सिस बैंक शाखा कोटा के निर्देशानुसार हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल बैंक द्वारा असल दस्तावेज का एक पार्सल दिनांक 27.02.2025 को मुम्बई से कोटा शाखा को प्राप्त हुआ उक्त पार्सल मे असल पंजीबद्ध हकतर्क नामा दिनांक 10.06.2021 (जगदीश चन्द) एंव असल पंजीबद्ध उपहार विलेख दिनांक 28.12.2021 (श्रीमती ज्योति) के नाम से थे लेकिन पार्सल प्राप्त होने के उपरांत उक्त पार्सल मे उपरोक्त दस्तावेज नही थे जो आज दिन तक ना तो एक्सिस बैंक कोटा पहुंचे है और ना ही मेरे मुवक्किल बैंक के पास वापस लौटकर आये है जिसकी गुमशुदगी ऑनलाईन प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या L R 2745813/2025 दिनांक 24.04.2025 को दर्ज करवा दी गई है। यदि किसी व्यक्ति, सख्स, संस्था उपरोक्त दस्तावेज के आधार पर खरीद फरोख्त या बेचान इकरार करता है तो वह उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी। सो सूचित रहे। किसी भी व्यक्ति सख्स संस्था को असल पार्सल मिलता है तो उसका दुरूपयोग ना कर एक्सिस बैंक शाखा कोटा एंव संबधित पुलिस थाना मे सूचित करे तथा उक्त गुमशुदगी बाबत किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर भीतर दर्ज करवा दे बाद म्याद कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी।

नीलम गोयल एडवोकेट
राज. उच्च न्यायालय मो. न. 9352244991

पश्चिम मध्य रेल

खुली निविदा सूचना सं. ईएल/टीआरडी/50/एनआईटी दिनांक 24.04.2025

भारत के राष्ट्रपति के लिए अथवा उनकी ओर से वरि. मं. इंजी (क.वि.) प.म.रे. कोटा निम्न कार्य के लिए खुली मोहरबंद ई-निविदा आमंत्रित करता है। **निविदा संख्या एवं कार्य का नाम–** निविदा संख्या–ईएल/टीआरडी/50/07 (2025–26) – कोटा डिवीजन– रिप्लेसमेंट ऑफ ओवर एज्ड कांटेक्ट वायर ओवर एज्ड केंटिलीवर असेंबली एंड शिफ्टिंग ऑफ ओएचई ऑन न्यू फीडर मास्ट ऑन मेन लाइन इन ADEE/TRD/BTE सेक्शन, (300TKM) **कार्य की अनुमानित लागत–** 12,52,82,573.00, **निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय–** दिनांक 22/05/2025 को 15:30 बजे। वेबसाईट का विवरण तथा नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से निविदा का संपूर्ण विवरण देखा जा सकें। https://www.ireps.gov.in वरि. मं. वि.इंजी (क.वि.) कोटा प्रथम तल मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय प.म.रे. कोटा, ऑफर केवल ई-टेंडरिंग के माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर स्वीकार किये जायेंगें। निविदादाता के पास क्लास III डिजिटल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर रजिस्र्टड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुअली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेंडर दस्तावेजों की स्पेशल कंडीशन व शर्तें अवश्य पढ़ लें।

(हस्ता.)
कृते वरि. मं. वि. इंजी(क.वि.)
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

हजरत शाह सिद्दीक हसन रहमतुल्ला अलेह का उर्स शुरू

झालावाड़ (निसं)। हजरत शाह सिद्दीक हसन रहमतुल्ला अलेह का 83वां उर्स के मौके पर बडा मदरसा जीत मल जी के चौक से चादर उठाई गई जो शहर के प्रमुख मार्गो धोकडे के बालाजी, धानमण्डी, सीमेण्ट रोड, सर्राफा बाजार, आजाद मार्केट, तबेला रोड होते हुए हजरत शाह सिद्दीक हसन रहमतुल्ला अलेह आस्ताने आलिया दरगाह पर पहुंची जहां असर की नमाज के बाद नात ख्वानी व कव्वालियों के साथ चादर पेश की गई।

इसके साथ ही तीन दिवसीय 83वे उर्स का आगाज हुआ तथा फातेहा पढकर, देश में अमन चेन की दुआ मांगी गई उपस्थित सभी जायरीनों को तबर्रूक तकसीम किया गया दरगाह सदर फिरोज खान ने बताया कि ईशा की नमाज के बाद तकरीर और मिलाद शरीफ नात ख्वानी का प्रोगाम किया जायेगा देर इस अवसर पर कई जगह इस्तकबाल किया गया जिसमें सीमेण्ट रोड पर हनीफ चौधरी द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया, आजाद मार्केट में जिशान अली, नौशाद मलिक द्वारा ठण्डे पानी व आईक्रीम वितरित कर इस्तकबाल किया गया। चादर पेश करने वालों में दरगाह सदर फिरोज खान, इकराम हुसैन इटावा, इदरीस बाबा, अशरफ भाई, वहीद भाई, अकरम खान, सलीम उर्फ बाबू, शकील अंसारी, माजिद भाई, टोनू भाई, मुस्तफा बेग, दिलीप जैन, आरिफ, जाकिर, रईस खान, रशीद, शरीफ मंसूरी, अब्दुल जब्बार, सद्दाम, अरशद सहित कई हजरात मौजूद रहे।

27 व 28 अप्रेल को फजर की नमाज के बाद कुरानखानी होगी तथा रात्रि में ईशा की नमाज के बाद महफिले शमा का प्रोग्राम रहेगा जिसमें सरवाड अजमेर से नौशाद शोला एण्ड पार्टी और हाजी हिफुर्जरहमान हकीमी कोटा वाले अपना कलाम पेश करेंगे।

भाजपा कोटा शहर की संगोष्ठी सम्पन्न

कोटा, (निसं)। एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर जिलाध्यक्ष राकेश जैन की अध्यक्षता में जीएम प्लाजा के सभागार में भाजपा कोटा शहर की संगोष्ठी सम्पन्न हुई। कार्यक्रम संयोजक पूर्व उपमहापौर सुनिता व्यास, महिला मोर्चा कोटा संभाग प्रभारी शालिनी भटनागर, जिला सहसंयोजक अरविंद सिसोदिया, केपी सिंह, हीरालाल आर्य, कुलदीप तलवार जिला उपाध्यक्ष रितेश चित्तौड़ा मंचस्थ रहें। इस अवसर पर एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन को लेकर भाजपा प्रदेश द्वारा एक क्यू आर कोड बनाया गया हैं जिसको स्कैन करने पर नाम मोबाईल नंबर व जिले की जानकारी भरकर सबमिट करना होता है। इस क्यूआर कोड के बारे में सबको जानकारी देकर सभी से ऑनलाईन कोड भरवाया गया।

जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव का मुख्य उद्देश्य लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ आयोजित करना है ताकि समय, संसाधन, और प्रशासनिक खर्चों की बचत हो सके तथा देश के विकास कार्यों में निरंतरता बनी रहे। कार्यक्रम जिला संयोजक सुनीता व्यास ने कहा कि इस अभियान को बूथ स्तर तक ले जाया जायेगा। सामाजिक/धार्मिक/व्यापारिक सभी संस्थाओं व आमजन तक जनजागृति की जायेगी। एक राष्ट्र एक चुनाव के लाभ बताकर, देशहित में इसके समर्थन में सभी को लाने का प्रयास किया जायेगा। कार्यक्रम महिला मोर्चा कोटा संभाग प्रभारी शालिनी भटनागर ने कहा कि कोटा संभाग में हाड़ौती में बड़े स्तर पर एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर जन जागरण अभियान चलाया जाएगा।

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक-एफ11/विक्रय/2025/1589 दिनांक 25.4.2025

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा योजना राजीव गांधी नगर स्पेशल पार्ट-2 भूखण्ड संख्या 105 का नामहस्तांतरण पत्र क्रमांक 1853 दिनांक 14.02.2023 को श्री विनोद कुमार जैन पुत्र श्री कजोड़ी लाल जैन के नाम हस्तांतरण किया गया था। श्री विनोद कुमार जैन पुत्र श्री कजोड़ी लाल जैन की मृत्यु दिनाक 04.06.2024 को हो गयी है। मृत्यु उपरान्त श्री विनोद कुमार जैन पुत्र श्री कजोड़ी लाल जैन के विधिक वारिसान द्वारा प्रस्तुत रजिस्टर्ड रिलीज डीड (हक त्याग पत्र), मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आईडी इत्यादि दस्तावेजों के आधार पर श्री अतुल सेठिया पुत्र श्री विनोद सेठिया द्वारा उक्त भूखण्ड संख्या 105 राजीव गांधी नगर स्पेशल पार्ट-2 आवासीय अपने नाम हस्तान्तरण करने की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड संख्या 105 योजना राजीव गांधी नगर स्पेशल पार्ट-2 आवासीय का नाम हस्तान्तरण श्री अतुल सेठिया पुत्र श्री विनोद सेठिया के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कार्यालय नगर पालिका रावतभाटा, जिला-चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक/नपारा/भूमि/2025-26/321 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक 24.4.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्डधारी/आवेदक श्री दिनेश कुमार चनाल पिता श्री देवीलाल निवासी रावतभाटा ने आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिका रावतभाटा द्वारा नीलामी दिनांक 26.09.2017 के अन्तर्गत विक्रयशुद्धा आवासीय भूखण्ड संख्या 79 श्रेणी (स) साईज 30X60 क्षेत्रफल 1800 वर्गफीट अर्थात् 167.29 वर्गमीटर श्रीगणेश नगर आवासीय योजना रावतभाटा के पुन: विक्रय की अनुमति चाही गई है।

प्रस्तुत दस्तावेज एवं पत्रावली अनुसार यह भूखण्ड पालिका द्वारा नीलामी दिनांक 26.09.2017 अन्तर्गत श्री तुलसीराम बुनकर पिता श्री गंगाराम निवासी रावतभाटा को विक्रय किया गया था, जिसकी सम्पूर्ण राशि एवं एकमुश्त लीज राशि 10 की जमा होने के उपरान्त पालिका द्वारा लीज डीड क्रमांक 143 दिनांक 13.12.2017 व पंजीयन दिनांक 17.01.2018 से जारी की गई है। इसके उपरान्त मूल क्रेता ने पालिका से विक्रय अनुमति प्राप्त कर उक्त भूखण्ड को आवेदक श्री दिनेश कुमार चनाल पिता श्री देवीलाल निवासी रावतभाटा को विक्रय किया गया, जिसका नामान्तरण पालिका रिकॉर्ड में स्वीकृति पत्रांक 4105 दिनांक 10.01.2023 से दर्ज किया गया है।

अत: उक्त आवासीय भूखण्ड को पुन: विक्रय करने की पालिका द्वारा अनुमति दी जाने पर किसी भी व्यक्ति/विभाग/संस्था/बैंक इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस प्रकाशन से 07 (सात) दिवस के भीतर-भीतर अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मय साक्ष्य सबूत के अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। आपत्ति अवधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित रहे।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका रावतभाटा

बी नेगेटिव एसडीपी डोनेट की

कोटा, (निसं)। सेवा के लिए दृढ़ संकल्पित टीम जीवनदाता पर लोगों का भरोसा निरंतर बढ़ता जा रहा है, समय रहते लोगों की मदद करने और सेवा से लबरेज टीम टीम सदस्यों का जोश लोगों को बढी खुशी दे रहा है।

टीम जीवनदाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि सत्रह वर्षीय त्रिलोक को अज्ञात बीमारी होने से बार-बार एसडीपी की आवश्यकता हो रही है, उसकी प्लेटलेट निरंतर गिर रही है, ऐसे में परिजन निसंकोच टीम जीवनदाता से मदद की गुहार कर रहे हैं और उनकी आवश्यकता की पूर्ति टीम सदस्य कर रहे हैं। बच्चे की प्लेटलेट कम होने पर उसे बी नेगेटिव एसडीपी की आवश्यकता होने पर करीब 25 साल से रक्तदान के क्षेत्र में कार्य कर रहे कमल निझावन से कहा तो वह किसी टूर से आए थे, लेकिन उनका सेवा भाव सभी जानते हैं और वह सीधे अपना ब्लड सेंटर तलवंडी पहुंचे और उन्होंने 32वीं बार एसडीपी डोनेट की, वह इससे पूर्व 108 बार रक्तदान कर लोगों की मदद कर चुके हैं।

भुवनेश गुप्ता बताते है कि शहर में युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। कमल का मानना है कि युवाओं में मानवता के भाव को जागृत करने व उनका रुझान एसडीपी के प्रति बढ़ाने के लिए समग्र प्रयास की आवश्यकता है ताकि वे अपनी पहचान भी सामाजिक व्यक्ति के रूप में बना सकें, जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव आए।

गुर्जर समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 30 अप्रेल को, 51 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे

कोटा, (निसं)। श्री देवनारायण मंदिर ट्रस्ट गणेश नगर कोटा के तत्वाधान में वीर गुर्जर सामुहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन आगामी 30 अप्रेल को श्री देवनारायण भगवान बड़ा मंदिर गणेश नगर में आयोजित किया जाएगा।

वीर गुर्जर सामुहिक विवाह सम्मेलन के अध्यक्ष शिवराज गुंजल ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि सम्मेलन में 51 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। उन्होंने बताया कि यह सम्मेलन चौथी बार आयोजित होने जा रहा है। जिसमें समाजबंधुओं बढ़-चढ़कर अपना योगदान दे रहे हैं। इस मौके पर समाज के प्रबुद्धजन अतिथि के रूप में भाग लेंगे। सामूहिक सम्मेलन में शामिल जोड़ों से वर पक्ष से 35 हजार व वधु पक्ष से 25 हजार रूपये सहयोग राशि ली गई है। सुबह 11 बजे से ही लोगों का आना शुरू हो जाएगा। दोपहर 2 बजे फेरे होंगे। उसके बाद लगभग 4 बजे विदाई समारोह होगा। इस अवसर पर सम्मेलन में सहयोग देने वाले भामाशाहों एवं अतिथियों का भी भव्य स्वागत समिति द्वारा किया जाएगा।

अध्यक्ष शिवराज गुंजल ने बताया कि सम्मेलन के माध्यम से निर्धन परिवारों को समाज की मुख्य धारा से जोडने ही इसका मुख्य उद्देश्य है। सामूहिक विवाह सम्मेलन को भव्य

कोटा में गुर्जर समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है।

बनाने के लिए पूरे कार्यक्रम स्थल को सजाया जाएगा। जिसमें टेंट आदि को भव्य रूप से सजाया जाएगा। इसमें 200 गुणा 250 क्षेत्रफल का पांडाल भोजनशाला व स्टेज आदि बनाए जाएंगे। साथ ही वर-वधु के फेरों के लिए 60 गुणा 200 क्षेत्रफल का पांडाल बनाया जा रहा है। इसके साथ ही वधु पक्ष के लिए अलग-अलग 102 टेंट के कमरे भी बनाए जाएंगे। वरमाला का आयोजन किया जाएगा सम्मेलन में वरमाला का विशेष और भव्य आयोजन रहेगा जिसमें वरमाला स्टेज बनाई जाएगी। जिसमें वर-वधु एक-दूसरे को परिवारजनों की उपस्थिति में वरमाला पहनाएंगे।

संरक्षक पूर्व सरपंच रामलाल गुंजल ने बताया कि सम्मेलन में पूरे हाड़ौती संभाग से समाजबंधु पहुंचेंगे। इसी को देखते हुए 15 हजार लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की जाएगी।

अध्यक्ष शिवरा